# कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लिया संकल्प

- **पेपर लीक प्रकरण में पूरी सरकार लिप्त : कैलाश चौधरी**
- **राजस्थान में नवंबर से पहले कभी भी हो सकते हैं विधानसभा चुनाव : वासुदेव देवनानी**


**जयपुर**। भाजपा विधानसभा चुनावों में जुट गई है। आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर सोमवार को प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया और प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि कार्यसमिति कि बैठक में प्रदेश में जंगलराज को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। राजस्थान अपराध और तुष्टीकरण की राजनीति में एक नंबर पर आ गया है। कांग्रेस ने राजस्थान को दंगों वाला प्रदेश बनाकर रख दिया। भूमाफिया और बजरी माफिया सरकार चला रहे हैं। प्रदेश में गैंगवार की घटनाएं प्रतिदिन देखने को मिलती है। कैलाश चौधरी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने आपसी लड़ाई में जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया। इनकी आपसी लड़ाई के चलते राजस्थान की जनता परेशान है। कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने और मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया है।

पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने सरकार पर जमकर हमला बोला। चौधरी ने कहा कि पिछले 4 साल में हमें 16 पेपर लीक हुए हैं। सरकार के मंत्री विधायक और आला अधिकारी इस पेपर लीक प्रकरण में लिप्त है इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। वहीं चौधरी ने कहा कांग्रेस सरकार लाखों गायों को मारने की गुनहगार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर मुद्दे को केंद्र सरकार पर थोपने की कोशिश करते हैं। एंटीवायरस को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के नाम पर यह सरकार 4 महीने तक बैठी रही और टीकाकरण का काम नहीं किया जिसके चलते लाखों गाय मारी गई।

वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजनीति संभावना का खेल है और राजस्थान में नवंबर से पहले कभी भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। राजस्थान कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी और बयानबाजी को इंगित करते हुए यह बयान दिया। देवनानी ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार की है। हिंदू त्योहारों पर बिजली काटी गई और रमजान और मुहर्रम पर बिजली नहीं काटने का आदेश जारी किया गया। कांग्रेस सरकार जनता को भ्रमित करने के लिए सिर्फ लोक लुभावनी घोषणा करती है।

# संविधान और लोकतंत्र हमारी आस्था और विश्वास के सबसे बड़े केन्द्र होने चाहिए : कलराज मिश्र



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण दिया।

**जयपुर** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज पंद्रहवी विधानसभा के अष्ठम सत्र में अभिभाषण दिया और इसमें कहा कि राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की जो परिकल्पना हमारी सरकार और प्रदेशवासियों ने संजोई है उसे साकार होते देखना हम सबके लिए एक ऐतिहासिक अवसर है और अब प्रदेश मॉडल स्टेट के रुप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा इस अवसर पर मैं सदन के सदस्यों से और उनके माध्यम से राज्य की जनता से आग्रह करना चाहता हूं कि, संविधान और लोकतंत्र हमारी आस्था और विश्वास के सबसे बड़े केन्द्र होने चाहिए। मैं अपना यह विश्वास आप सबमें और देश प्रदेश की जनता में बांटना चाहता हूं कि संविधान, लोकतंत्र और चुनी हुई सरकार में हमारी सभी समस्याओं का समाधान निहित है। हमारी सरकार ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान के राजभवन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'संविधान पार्क' का निर्माण करवाया है। यह देश का पहला संविधान पार्क है। इसमें संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार, कर्तव्य एवं नीति-निदेशकों तत्वों सहित अन्य प्रमुख अनुच्छेदों को रचनात्मक ढंग से दर्शाया गया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के इस सदन की इमारत ही भव्य नहीं है, यहां के सदस्यों ने जो परम्पराएं और लोकतांत्रिक मूल्यों की नज़ीर पेश की है, वह भी गौरवान्वित करने वाली है। इस सदन ने आम आदमी के अधिकारों की रक्षा और उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए सर्वसम्मति से जो फैसले लिए हैं, वे राजस्थान का कायाकल्प कर रहे हैं।

मिश्र ने अभिभाषण पढ़ते हुए कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सरकार ने इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कदम उठाए हैं और संवेदनशील , पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन के मूलमंत्र को धरातल पर उतारा है। इस पवित्र सदन में बैठकर सदस्यों द्वारा प्रदेश के हित में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किए गए गहन चिंतन और मंथन से प्रदेश की प्रगित, समृद्धि, खुशहाली और चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि बेहद खुशी की बात है कि भौगोलिक विषमताओं, आर्थिक चुनौतियों, सीमित संसाधानो और कोविड की गंभीर परिस्थितियों सहित तमाम प्रतिकुलताओं का सामना करते हुए हमारी सरकार ने कटिबद्धता से विकास परियोजना को मूर्तरुप दिया है।

उन्होंने कहा कि सदन को यह अवगत कराते हुए हर्ष है कि राजस्थान ने वर्ष 2021-22 में 11.04 प्रतिशत की आर्थिक विकासदर हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

# राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में आज से शुरू होगी बहस

- **पेपर लीक के मुद्दे पर सदन में गहलोत सरकार को घेरेगी बीजेपी**
- **संयम लोढ़ा ने उपनेता प्रतिपक्ष के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव सदन में रखने की मंजूरी मांगी; स्पीकर इस प्रकरण में जो भी फैसला लें, हंगामा होना तय है**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति (बी.ए.सी.) ने 2 फरवरी तक के लिए सदन का कामकाज तय कर दिया है। सूत्रों की मानें तो 24 जनवरी को सदन में अभिभाषण पर बहस शुरू होगी। 25 से 29 जनवरी तक सदन की छुट्टी रहेगी। इसके बाद 30 व 31 जनवरी को पुन: अभिभाषण पर बहस होगी। तत्पश्चात 1 फरवरी को सदन की छुट्टी रहेगी।

दो फरवरी को दिन भर अभिभाषण पर बहस के बाद शाम 5 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जवाब देंगे। इसी दिन पुन: बी.ए.सी. की बैठक होगी, जिसमें बजट की तारीख तय होगी। गत दिनों मुख्यमंत्री ने 8 फरवरी को बजट पेश करने की घोषणा की थी, लेकिन इस पर बी.ए.सी. की मुहर लगना अभी बाकी है।

सूत्रों की मानें तो विधानसभा के बजट सत्र में पेपर लीक के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को पुरजोर तरीके से घेरेगी। इसके लिए खास तौर पर रणनीति बनाई गई है। बीजेपी इस मुद्दे पर सदन में बहस करवाने की मांग रखेगी। पिछले बजट सत्र में पेपर लीक और नकल के मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ था, कई दिन कार्यवाही बाधित रही थी। बाद में सरकार ने जवाब दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार भी पेपर लीक पर सरकार का सदन में जवाब आ सकता है।

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा ने उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। लोढ़ा ने विधायकों के इस्तीफों का मामला स्पीकर के पास पैंडिंग होने के बावजूद कोर्ट में याचिका दायर करने को विशेषाधिकार हनन बताते हुए प्रस्ताव पेश किया है।

संयम लोढ़ा ने इस विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को मंगलवार को सदन में रखने की मंजूरी मांगी है। अब स्पीकर इस पर फैसला करेंगे। हालांकि इस मुद्दे पर जो भी फैसला होगा, उस पर हंगामा होना तय माना है।

## 'वरिष्ठता का नोशनल लाभ मिले'

**जयपुर**, (का.प्र.)। हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न कर्मचारी संगठनों से बजट पूर्व संवाद-सुझाव और कर्मचारी संगठनों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशन में शासन सचिवालय में मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में रीट भर्ती 2016 विज्ञान गणित चयनित शिक्षक संघ द्वारा नोशनल लाभ (वरिष्ठता का लाभ) दिए जाने हेतु मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

रीट भर्ती 2016 विज्ञान गणित के 927 पदों में से केवल 50 पदों पर जोइनिंग 2018 में हुई थी बाकी तत्कालीन सरकार द्वारा पदों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। वर्तमान सरकार द्वारा युवा हितों मे कोर्ट से एसएलपी वापस लेते हुए शेष 874 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए थे और इन 874 पदों पर नियुक्ति अक्टूबर-नवंबर 2021 में हुई थी। इस प्रकार यह 874 अभ्यर्थी अपनी ही भर्ती में वरिष्ठता में पिछड़ रहे हैं। डॉ.दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के द्वारा सदैव युवा हितों में फैसले लिए जा रहे हैं।

## दुकान में घुसकर महिला से लूट

**जयपुर** । महेश नगर इलाके में रामनगर की एक दुकान में घुसकर महिला से लूट की वारदात हुई है। बदमाश गत 17 जनवरी को खरीददारी करने के बहाने दुकान पर आया था। उसने सामान दिखाने का बहाना बनाकर महिला को बातचीत में उलझया और उसके गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। महेश नगर थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाश कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि चेन स्नेचिंग की वारदात चंदा सोनी (60) पत्नी नरेश सोनी निवासी रामनगर सोडाला के साथ हुई। स्वेज फार्म रामनगर में शिव मैरिज गार्डन के सामने उनकी महालक्ष्मी फैशन के नाम से शॉप है। गत 17 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान ग्राहक बनकर एक व्यक्ति दुकान पर आया। उसने गले के आर्टिफिशीयल हार दिखाने की कहा। हार दिखाने के लिए उठी, तभी पीछे से झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली। शॉप कीपर महिला के शोर मचाने पर बदमाश तेजी से भाग निकला। इकट्ठा हुए लोगों ने चेन स्नेचर की आस-पास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

# एयरपोर्ट पर 956 ग्राम सोने के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- **एक यात्री पेंट के निचले हिस्से में सोना छिपा लाया तो दूसरा अंडरगार्मेंट में**

**जयपुर** (कासं)। कस्टम विभाग ने जयपुर एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 956 ग्राम सोना जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी सोने को अपनी पेंट में छुपाकर लाया था तो दूसरा अंडरगार्मेंट में रखकर लाया था। दोनां तस्करों को दो अलग-अलग कार्रवाई में पकड़ा गया। जब्त सोने की कीमत करीब 55.92 लाख रुपए आंकी जा रही है।

कस्टम अधिकारियों ने बताया कि शारजाह से जयपुर पहुंची फ्लाइट में आए यात्री के 380 ग्राम गोल्ड मिला। इसकी बाजार कीमत लगभग 22 लाख 23 हजार रुपए है। आरोपी ने सोने को पेस्ट में रूप में पिघलाकर पेंट की निचले हिस्से में छुपा कर लाया था। पूछताछ के दौरान पहले तो यात्री ने सोना होने की बात से इनकार किया, लेकिन कस्टम टीम ने जैसे ही उसका एक्स-रे किया तो सोने की 2 लेयर उसकी पेंट की मोहरी के पास मिली। सर्च के बाद कस्टम अधिकारियों ने सोना बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, दूसरी कार्रवाई देर रात रियाद से शारजाह होते हुए जयपुर आई फ्लाइट में की गई। फ्लाइट में बैठे पैसेंजर के पास से कस्टम अधिकारियों ने 576 ग्राम सोना बरामद किया। इस सोने की बाजार कीमत करीब 33 लाख 69 हजार 600 रुपए बताई जा रही है। यह पैसेंजर सिलिकॉन रबर के दो कैप्सूल में सोना छुपा कर ला रहा था। सर्च के दौरान यह दोनों ही कैप्सूल पैसेंजर की अंडरगार्मेंट में मिले।

कस्टम अधिकारियों ने दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां उसे उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी लंबे समय से सोने की तस्करी में लिप्त थे। प्रारंभिक पूछताछ में सोना लेकर आने की बात सामने आ रही है। हालांकि ये लोग किस के लिए यह सोना लेकर आए थे, इसका खुलासा होना बाकी हैं। दोनों आरोपी सीकर जिले के रहने वाले है।

## शादी का वादा कर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में परिचित के द्वारा युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर लिव-इन-रिलेशनशिप में रखकर आरोपी उसके साथ देहशोषण करता रहा। प्रेग्नेंट होने पर मारपीट कर उसका अबॉर्शन भी करवा दिया। शादीशुदा होने का पता चलने पर प्रताप नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि नागौर निवासी 27 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात राजूराम से हुई थी। राजूराम से परिचय होने पर दोनों में अक्सर बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान खुद को शादीशुदा नहीं होने के बारे में बताया। प्रेम जाल में फांसकर शादी का झांसा देकर रेप किया। जिसके बाद प्रताप नगर इलाके में लिव-इन-रिलेशनशिप में रखकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। देहशोषण के दौरान प्रेग्नेंट होने पर मारपीट कर अबॉर्शन करवा दिया। लिव-इन-रिलेशनशिप में उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर उसके साथ मारपीट करता था। देहशोषण के दौरान आरोपी के पहले से शादीशुदा होने का पता चला।

# सरकार की लोक कल्याणकारी उपलब्धियों से घबराकर भाजपा ने अभिभाषण पढ़ने से रोका : खाचरियावास

## विधानसभा में भाजपा विधायकों पर नारे लगाकर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप

**जयपुर**, (का.प्र.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की चार वर्ष की जन कल्याणकारी और विकासकारी उपलब्धियों से घबराकर भाजपा विधायकों ने राज्यपाल कलराज मिश्र को अभिभाषण नहीं पढ़ने दिया। जब राज्यपाल सरकार की उपलब्धियों का भाषण पढ़ रहे थे, तब भाजपा के सभी विधायक बेल में आकर हंगामा करने लगे। इसके दौरान विधायकों ने राष्ट्रगान का भी अपमान किया।

खाचरियावास ने कहा कि जब राष्ट्रगान शुरू होने के बाद भी भाजपा विधायक लगातार नारे लगाते रहे, इससे राष्ट्रगान सुनाई नहीं दे रहा था। राष्ट्रगान के दौरान व्यवधान उत्पन्न करना कानूनी रूप से पूरी तरह से गलत है। लोकसभा और विधानसभा सहित सभी जगह जब राष्ट्रगान होता है, तब किसी भी तरह की नारेबाजी पूरी तरह से गैर कानूनी मानी गई है। इसलिये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भाजपा विधायकों द्वारा राष्ट्रगान का अपमान करने के लिये माफी मांगनी चाहिए।

खाचरियावास ने कहा कि जो भाजपा राष्ट्रवाद का नाटक करती है, भाजपा की असली पोल खुलकर सामने आ गई। भाजपा ने राष्ट्रगान के दौरान जिस तरह हंगामा किया। उससे स्पष्ट हो गया कि भाजपा को राष्ट्र से मतलब है ना जनता से भाजपा सिर्फ झूठ, फरेब और धोखे के दम पर राजनीति करना चाहती है। खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार विधानसभा चलाना चाहती है, लेकिन भाजपा के विधायक विधानसभा की कार्यवाही में गतिरोध उत्पन्न करके जनता का अपमान कर रहे हैं। आने वाले समय में जनता भाजपा को राष्ट्रगान के अपमान और विधानसभा की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने के लिये माफ नहीं करेगी।

## विधानसभा में शोकाभिव्यक्ति

**जयपुर**, । पंद्रहवीं राज्य विधानसभा के अष्टम सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा में पश्चिम बंगाल एवं बिहार के पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, राजस्थान विधानसभा सदस्य भंवरलाल शर्मा तथा पूर्व सदस्य राजेन्द्र कुमार भारतीय के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों की आत्माओं की शांति और उनके परिजनों को इस बिछोह को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रारम्भ में स्पीकर ने दिवंगत व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में दी गई सेवाओं की सराहना की।

# निजी अस्पतालों ने सरकारी योजनाओं के सामूहिक बहिष्कार की चेतावनी दी

- **प्रदेश में राइट-टू-हेल्थ बिल का विरोध, सोमवार को अधिकांश निजी अस्पताल बंद रहे**

**जयपुर** । राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसाइटी एवं यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक्स एंड हॉस्पिटल्स ऑफ़ राजस्थान (उपचार) के आव्हान पर सोमवार को जयपुर में निजी क्षेत्र की चिकित्सा संस्थान बंद रहे। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में जयपुर के सभी निजी अस्पताल बंद रहे। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं चालू रही। इधर सुबह 11 बजे जेएमए सभागार में आयोजित बैठक में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन, मेडिकल प्रैक्टिशनर सोसाइटी, सेवारत चिकित्सक संघ व अन्य सभी संघठनों ने हिस्सा लेकर बंद को पूर्ण समर्थन दिया। बैठक में चिकित्सकीय संघठनों के प्रतिनिधियों ने आंदोलन को जारी रखने और उग्र बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। इस दौरान संयुक्त संघर्ष समिति के गठन का आव्हान किया गया। निजी चिकित्सालयों द्वारा चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं से निजी अस्पतालों को हो रहे आर्थिक नुक़सान का मुद्दा उठाया गया। चिकित्सकों ने इस बिल को राइट टू ट्रीटमेंट बिल बताते हुए कहा कि हेल्थ का अर्थ केवल उपचार नहीं है। इस बिल से पहले सरकार राइट टू फ़ूड, राइट टू शेल्टर, राइट टू सैनिटेशन सुनिश्चित करे। अगर सरकार वास्तव में प्रदेश की जनता के प्रति संवेदनशील है तो घोषणा करे की किसी को भोजन या आश्रय की ज़रूरत हो तो वो अपने जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद के घर जा सकते है।

# दुर्घटना में मरे इंस्पेक्टर के आश्रितों मुआवजा

**जयपुर**, (का.सं.)। एमएसीटी मामलों की विशेष अदालत महानगर प्रथम ने वर्ष 2017 में सांगानेर इलाके में ट्रक से हुई दुर्घटना में मरने वाले सीआईएसएफ के तत्कालीन इंस्पेक्टर अमर सिंह गुर्जर के आश्रितों को 1.11 करोड रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने इस राशि पर 20 फरवरी 2018 से लेकर वसूली तक छह फीसदी ब्याज का भुगतान भी करने के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश कमला गुर्जर व अन्य की क्लेम याचिका मंजूर करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मनीष जैन ने बताया कि सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर पद पर तैनात अमर सिंह 28 दिसंबर 2017 की रात करीब दस बजे बम्बाला पुलिया से मोटरसाइकल पर कुंभा मार्ग होते हुए मीणा पालडी स्थित अपने घर के लिए जा रहा था।

# रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा करते 103 लोग पकड़े

**जयपुर** । राजस्थान रोडवेज की जांच टीम ने बीकानेर और जैसलमेर डिपो की 46 बसों की चैकिंग में 103 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा है। इस दौरान दो कंडक्टरों को भी बिना टिकट यात्रा करवाने के मामले में सस्पैंड करते हुए उन्हें रोडवेज की सर्विस से हटा दिया है। ये कंडक्टर रोडवेज में कॉन्ट्रैक्ट पर लगे हुए थे।

राजस्थान रोडवेज के एमडी नथमल डिडेल के निर्देशों पर मुख्य डिपो मैनेजरों के नेतृत्व में 8 टीमें बनाई गई। इन टीमों ने पिछले दिनों बीकानेर और जैसलमेर की रोडवेज की चैकिंग की गई। बताया जा रहा है कि इन जिलों में संचालित बसों में बिना टिकट यात्रा की कई शिकायतें मिल रही थी। टीम ने जब यहां 3 दिन के अंदर 46 बसों की जांच की तो उसमें 103 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए।

# सरकारी रेडियोलॉजिस्ट को प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रैक्टिस पर रोक

- **हाईकोर्ट ने यह रोक कार्यस्थल से 25 किमी के दायरे में लगाई है**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरी में काम कर रहे रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सकों को उनके कार्य स्थल से 25 किमी के दायरे में स्थित निजी अस्पताल व क्लिनिक में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने वाले विभाग के गत 21 मार्च के परिपत्र पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश निजी चिकित्सक राजीव सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार का विशेष तौर पर ऐसा परिपत्र जारी करना अव्यावहारिक है और फिलहाल इसकी क्रियान्विति पर रोक लगाया जाना उचित होगा।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 21 मार्च को परिपत्र जारी कर प्रावधान किया कि सरकारी रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक उनके काम करने वाली जगह से 25 किमी के दायरे में आने वाले निजी अस्पताल व क्लिनिक में प्रैक्टिस कर सकते हैं। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का यह परिपत्र न केवल मनमाना है, बल्कि सरकारी चिकित्सकों को निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करने के लिए बढ़ावा देने वाला भी है। इस परिपत्र के चलते सरकारी चिकित्सक निजी अस्पताल में भी प्रैक्टिस करेंगे और इससे प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों को परेशानी हो रही है। याचिका में कहा गया कि ऐसे सरकारी चिकित्सकों को राज्य सरकार से वेतन मिल रहा है। उन्हें निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने से प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में विभाग के इस परिपत्र पर रोक लगाई जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने परिपत्र पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## तेज रफ्तार दो कारों में भिड़ंत

**जयपुर** (कासं)। गोपालपुरा बाईपास पर रिद्धी-सिद्धि चौराहे के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार दो कारों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान दोनों की कार के एयरबैग खुल गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक कार रिद्धी-सिद्धि चौराहे से मानसरोवर की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी कार कट पर यू टर्न करने का प्रयास कर ही थी।

दोनों की टक्कर हो गई। हालांकि कार में बैठे किसी व्यक्ति को गम्भीर चोट नहीं लगी है। दोनों ही कार चालक कार को मौके पर छोड़कर वहां से रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद कार सवार दोनों चालक और दो अन्य कार सवारों को लोगों ने बाहर निकाला। दोनों ही गाड़ी एक दूसरे में फंस गई। इसके बाद कार चालक अन्य व्हीकल को मौके पर बुलाकर मौके से चले गए।

# सांगानेर-शिवदासपुरा थानाधिकारी और 3 आबकारी निरीक्षक सस्पैंड

## दोनों थाना क्षेत्रों में नकली शराब बनाने की चार अवैध फैक्ट्रियां पकड़ी जाने के बाद पुलिस व आबकारी महकमा हरकत में आया

- **जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने 20-21 जनवरी की मध्यरात्रि में दबिश देकर इन फैक्ट्रियों का भंड़ाफोड़ किया था। पुलिस ने मौके पर नकली शराब बनाते 10 लोगों को गिरफ्तार किया था, जबकि फैक्ट्री मालिक फरार हो गए थे**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर और शिवदासपुरा में नकली शराब की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद पुलिस महकमा हरकत में आया है।

पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को आदेश जारी कर शिवदासपुरा थानाधिकारी मांगीलाल बिश्नोई और सांगानेर सदर थानाधिकारी बृजमोहन कविया को सस्पैंड कर दिया है। उधर आबकारी आयुक्त कुमार पाल गौतम ने भी इस मामले में तीन निरीक्षकों को सस्पैंड किया है। इनमें चाकसू आबकारी निरीक्षक विद्याकुमारी, सांगानेर आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और आबकारी निरोधक दल दक्षिण के प्रभारी किशन सिंह शामिल है। आबकारी और पुलिस मुख्यालय के इस एक्शन से जाहिर होता है कि इन जिम्मेदार अधिकरियों की इस पूरे घटनाक्रम में लापरवाही रही हैं। इसी को देखते हुए निलंबित करने की कार्रवाई की गई हैं। जिन जिम्मेदार अधिकारियों पर अब विभागीय जांच होगी।

ज्ञात रहे कि शिवदासपुरा और सांगानेर सदर क्षेत्र में चार अवैध फैक्ट्रियां चल रही थी। इनकी रैकी कई दिनों तक कमिश्नरेट जयपुर की स्पेशल टीम ने की। इसके बाद 20-21 जनवरी की रात को छापा मारकर 10 आरोपियों को नकली शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया और सभी फैक्ट्रियों को सीज किया। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो सभी जगह स्प्रिट में केमिकल और पानी मिलाकर देशी शराब बनाई जा रही थी। यह नकली शराब सरकारी ठेकों पर भी सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए शिवदासपुरा और सांगानेर सदर के थानाधिकारियों को लापरवाही बरतने के आरोपी में निलंबित कर दिया है। इससे पहले रविवार को जब इन चार अवैध शराब फैक्ट्रियों का खुलासा हुआ तो चार बीट कांस्टेबलों को भी निलंबित कर दिया गया था।

माना जा रहा है कि इन बीट कांस्टेबलों को उनके क्षेत्र में चल रही अवैध फैक्ट्री की जानकारी थी, लेकिन इन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचना नहीं दी।